भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2633

04 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: पीएम-किसान योजना का प्रभाव

2633. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोरः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की उपलब्धियां और सफलता का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस क्षेत्र में योजना की शुरुआत से लेकर अब तक, इस दूरदर्शी योजना से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होने वाले किसानों की वर्षवार कुल संख्या कितनी है;

(ग) दाहोद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करते हुए, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में सीधे अंतरित की गई कुल धनराशि कितनी है;

(घ) सरकार द्वारा दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में पात्र जनजातीय और सीमांत किसानों का 100% पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए सक्रिय कदमों और चलाए गए विशेष संतृप्ति अभियान का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) कृषि उत्पादकता, कृषि आदानों की खरीद और इस क्षेत्र में किसान समुदाय की आजीविका के संबंध में इस निरंतर वित्तीय सहायता का समग्र सकारात्मक सामाजिक-आर्थिक प्रभाव क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ङ): पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो कृषि योग्य भूमि-धारक किसानों की वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने हेतु प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रणाली के माध्यम से किसानों के आधार-सीडेड बैंक खातों में तीन

समान किस्तों में प्रति वर्ष ₹6,000/- की वित्तीय सहायता अंतरित की जाती है। पीएम-किसान योजना के अंतर्गत, भारत सरकार ने योजना के प्रारंभ से अब तक, 23 किस्तों के माध्यम से लाभार्थियों को ₹4.46 लाख करोड़ से अधिक का संवितरण किया है।

नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) के प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन के अनुसार, यह योजना कृषि भूमि धारक किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान करने के अपने प्राथमिक उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा कर रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिरता एवं कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई है। अध्ययन यह भी दर्शाता है कि 92 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी किसानों ने इस वित्तीय सहायता का उपयोग बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों जैसे आवश्यक कृषि इनपुट हेतु किया, जो बढ़ती इनपुट लागत एवं मौसम-संबंधी अनिश्चितताओं के मद्देनज़र विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं।

गुजरात के दाहोद एवं महिसागर जिलों में लाभान्वित लाभार्थियों तथा योजना प्रारंभ होने से अब तक उन्हें जारी की गई राशि का किस्त-वार विवरण **अनुबंध** पर संलग्न है।

इस बात को सुनिश्चित करने हेतु कि कोई भी पात्र किसान, जनजातीय एवं सीमांत किसानों सहित, वंचित न रहे, भारत सरकार गुजरात सहित राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के समन्वय से संतृप्ति अभियान (सेचुरेशन ड्राइव) चलाती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) के अंतर्गत 15 नवंबर 2023 से एक बड़ा राष्ट्रव्यापी संतृप्ति अभियान चलाया गया, जिसके दौरान 01 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम-किसान के अंतर्गत शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त, सरकार की वर्ष 2024 की 100-दिवसीय पहल के अंतर्गत, 25 लाख से अधिक पात्र किसानों को पीएम-किसान योजना में जोड़ा गया। सितंबर 2024 में लंबित स्व-पंजीकरण मामलों को निपटाने हेतु एक विशेष अभियान भी चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख से अधिक नए किसान जुड़े। इसके अतिरिक्त, जून, 2026 में पीएम-किसान के अंतर्गत "खेत बचाओ अभियान" के साथ एक राष्ट्रव्यापी संतृप्ति अभियान चलाया गया, ताकि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों के दायरे का विस्तार किया जा सके, जिसके परिणामस्वरूप देश में लगभग 17 लाख किसानों को जोड़ा गया, जिसमें दाहोद सहित गुजरात के 01 लाख किसान शामिल हैं।

अनुबंध

दिनांक 29.07.2026 की स्थिति के अनुसार योजना प्रारंभ होने से अब तक दाहोद एवं महिसागर जिलों में लाभान्वित लाभार्थियों तथा उन्हें जारी की गई राशि का किस्त-वार विवरण

किस्त	दाहोद		महिसागर	
	लाभान्वित लाभार्थी	जारी राशि (करोड़ रुपये में)	लाभान्वित लाभार्थी	जारी राशि (करोड़ रुपये में)
पहली किस्त (दिसंबर'18 - मार्च'19)	1,31,071	26.21	96,520	19.30
दूसरी किस्त (अप्रैल'19 - जुलाई'19)	1,41,507	28.30	1,18,241	23.65
तीसरी किस्त (अगस्त'19 - नवंबर'19)	2,11,181	42.24	1,36,655	27.33
चौथी किस्त (दिसंबर'19 - मार्च'20)	2,38,616	47.72	1,35,160	27.03
पांचवीं किस्त (अप्रैल'20 - जुलाई'20)	3,77,197	75.44	1,64,676	32.94
छठी किस्त (अगस्त'20 - नवंबर'20)	4,15,315	83.06	1,71,512	34.30
सातवीं किस्त (दिसंबर'20 - मार्च'21)	3,45,311	69.06	1,70,384	34.08
आठवीं किस्त (अप्रैल'21 - जुलाई'21)	3,46,978	69.40	1,86,495	37.30
नौवीं किस्त (अगस्त'21 - नवंबर'21)	3,56,999	71.40	1,83,203	36.64
दसवीं किस्त (दिसंबर'21 - मार्च'22)	4,24,001	84.80	2,05,666	41.13
11वीं किस्त (अप्रैल'22 - जुलाई'22)	3,64,240	72.85	1,76,928	35.39
12वीं किस्त (अगस्त'22 - नवंबर'22)	2,40,362	48.07	1,62,601	32.52
13वीं किस्त (दिसंबर'22 - मार्च'23)	2,23,755	44.75	1,65,367	33.07
14वीं किस्त (अप्रैल'23 - जुलाई'23)	2,35,008	47.00	1,55,499	31.10
15वीं किस्त (अगस्त'23 - नवंबर'23)	2,46,977	49.40	1,53,687	30.74
16वीं किस्त (दिसंबर'23 - मार्च'24)	4,26,625	85.33	1,71,452	34.29
17वीं किस्त (अप्रैल'24 - जुलाई'24)	3,09,030	61.81	1,60,110	32.02
18वीं किस्त (अगस्त'24 - नवंबर'24)	2,76,841	55.37	1,56,625	31.33
19वीं किस्त (दिसंबर'24 - मार्च'25)	3,27,856	65.57	1,71,012	34.20
20वीं किस्त (अप्रैल'25 - जुलाई'25)	2,99,891	59.98	1,60,839	32.17
21वीं किस्त (अगस्त 25-नवंबर 25)	2,54,390	50.88	1,47,238	29.45
22वीं किस्त (दिसंबर 25-मार्च 26)	2,64,562	52.91	1,52,003	30.40
23वीं किस्त (अप्रैल 26-जुलाई 26)	2,67,405	53.48	1,55,495	31.10

*****